तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल....



11 मुख्यमंत्री ने चेरपाल में बिहान की दीदियों को सौंपी टाटा ...



# 40716 संग्राहकों को किया 35.99 करोड़ का पारिश्रमिक भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत बीजापुर जिले के भैरमगढ़ परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन वर्ष 2026 में 28 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 45 लॉटों में लगभग 40716 संग्राहकों द्वारा कुल 65430.359 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया। साथ ही 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से 35.99 करोड़ का संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान किया जाना हैं। वर्तमान में 12379 संग्राहकों को भुगतान हेतु 12 करोड़ रुपए का ऑनलाइन सॉफ्टवेयर प्रविष्टि की गई हैं। जिसमें से प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति गुदमा के 1912 संग्राहकों को 1.95 करोड़ रुपए, समिति कुटरू के 937 संग्राहकों को 1.29 करोड़ रुपए, समिति तोयनार के 961 संग्राहकों को 1.20 करोड़ रुपए, समिति बरदेला के 1023 संग्राहकों को 1.11 करोड़ रुपए, समिति समिति संतोषपुर के 917 संग्राहकों को 94.00 करोड़ रुपए, भैरमगढ़ के 1045 संग्राहकों को 71.00 लाख रुपए, माटवाड़ा के 996 संग्राहकों को 84.00 लाख रुपए, समिति कोडोली के 957 संग्राहकों को 73.00 लाख रुपए, समिति नैमेड़ के 556 संग्राहकों को 55.00 लाख रुपए, समिति भद्राकाली के 201 संग्राहकों को 23.00 लाख रुपए, समिति चेरपल्ली के 372 संग्राहकों को 20.00 लाख रुपए उनके बैंक खाता में भुगतान किया गया हैं। शेष समितियों में संग्राहकों द्वारा संग्रहित तेंदूपत्ता मात्रा का ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य प्रारंभ हैं। सभी संग्राहकों को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से उनके बैंक खाता में संग्रहण पारिश्रमिक की राशि का जल्द से जल्द भुगतान प्राप्त होगा।

## तेंदूपत्ता सग्राहकों के खातों में एक दिन में 12 करोड़ का पारिश्रमिक हस्तांतरित



### पारिश्रमिक से संग्राहकों को मिलेगी राहत

वन विभाग भैरमगढ़ परिक्षेत्र के एसडीओ देवेन्द्र गोंद ने बताया कि तेंदूपत्ता बिकी से प्राप्त राशि को संग्राहकों द्वारा खेती बाड़ी एवं अन्य आवश्यक घरेलू कार्य में उपयोग किया जाता हैं। मानसून प्रारंभ होने के पूर्व सभी संग्राहकों को राशि प्राप्त होने से उनको अपने खेती बाड़ी कार्य करने में राहत मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार भाजपा की नाकामी छुपाने का मंच : रेखचंद



जगदलपुर। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार पर कहा कि जमीनी हकीकत को छुपाने और अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए भाजपा सरकार इस तरह के तड़क-भड़क वाले आयोजनों का सहारा ले रही है। आज धरातल पर प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और आम जनता पानी, बिजली, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने सरकार की वित्तीय नीतियों को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास की रीढ़ माने जाने वाली पंचायतों को 16वें वित्त आयोग की राशि आज पर्यंत तक जारी नहीं की गई है। राशि के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण और विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित हैं। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि बुनियादी काम न करा पाने के कारण जनता के प्रति जवाबदेह सरपंच और जनपद सदस्य भारी मानसिक दबाव में हैं और लगातार अपने पदों से इस्तीफे दे रहे हैं।

### तेलंगाना और आंध्रप्रदेश में रैफरियों को प्रशिक्षण देंगे रूपक



जगदलपुर। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के आदेश अनुसार तेलंगाना के हैदराबाद में 4 से 7 जून तक और आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में 11 से 14 जून तक रूपक मुखर्जी को बतौर प्रशिक्षक नियुक्त किया है। दोनों जगह चार दिवसीय सेमिनार में नए फुटबॉल रैफरी लोगो को सेमिनार आयोजित कर फुटबॉल नियमों की जानकारी देंगे एवं पुराने रैफरी लोगो को अपग्रेड करेंगे। सेमिनार के अंतिम दिन सभी रैफरी लोगो का शारिरिक टेस्ट, ऑनलाइन लिखित परीक्षा और मौखिक परीक्षा होगा, यह अखिल भारतीय फुटबॉल संघ का रैफरी डेवलपमेंट कार्यक्रम है। ज्ञात हो कि इससे पहले भी रूपक ने दोनों राज्य में कई बार फुटबॉल रैफरी लोगो को प्रशिक्षण देने गए थे। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के रैफरी प्रमुख ने दी।

### प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई : अनवर



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश मदरसा बोर्ड के पूर्व सदस्य अनवर खान ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आम जनता समस्याओं से जूझ रही है। सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है। मगर प्रदेश की जनता को जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं के अलावा अपनी जरूरतों की आपूर्ति के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पंचायतों से सुशासन त्यौहार के लिए अवैध वसूली की जा रही है। शहर सहित पंचायत के विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हुए हैं। कई पंचायत के जनप्रतिनिधि संसाधनों एवं बजट की कमी से चिंतित व परेशान है। प्रदेश भर में पंचायत व्यवस्था कमजोर हो रही है, जिससे ग्रामीण विकास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा सुशासन त्योहार से सरपंच परेशान व हताश होकर सामूहिक इस्तीफा दे रहे हैं, इस पर सरकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं है। सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए सुशासन त्योहारों के माध्यम से ध्यान भटकने का कार्य कर रही है, राज्य सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए विशेष योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने में पूरी तरह विफल साबित हुई।

## बस्तर के प्रगतिशील किसान के पार्थसारथी बने आम उत्पादन के प्रेरणास्रोत

राष्ट्रीय आम महोत्सव में कुलगांव के किसान पार्थसारथी का सम्मान

# 35 किस्मों के आमों से लिखी सफलता की नई इबारत

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर संभाग के ग्राम कुलगांव के प्रगतिशील किसान 55 वर्षीय के. पार्थसारथी ने अपनी मेहनत, नवाचार और दूरदर्शिता से आम की खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर क्षेत्र के किसानों के लिए एक मिसाल कायम की है। लगभग 25 वर्षों से फल एवं सब्जी उत्पादन से जुड़े पार्थसारथी ने यह सिद्ध कर दिया है कि वैज्ञानिक तकनीकों और सही किस्मों के चयन से बागवानी खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। बीस एकड़ कृषि भूमि के स्वामी श्री पार्थसारथी ने लगभग 2.5 एकड़ क्षेत्र में आम का बगीचा स्थापित किया है। उनके बगीचे में वर्तमान में 35 विभिन्न किस्मों के आम उपलब्ध हैं, जिनमें से 14 किस्मों का व्यावसायिक स्तर पर उत्पादन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष लगभग 8 टन आम का उत्पादन प्राप्त कर वे लगभग 4 लाख रुपए की आय अर्जित करते हैं। यही कारण है कि उनके द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय स्तर के सम्मान हैं। वर्ष 2024 में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय आम महोत्सव में उनकी अरुणिका एवं अंबिका किस्मों के आमों को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके बाद मई 2026 में आयोजित राष्ट्रीय आम महोत्सव में उनके बगीचे की अरुणिका, अंबिका, बंगनपल्ली, हिमायत, छत्तीसगढ़ नंदीराज तथा टॉमी एटकिंस किस्मों को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित ▶▶| शेष पेज 10 पर




### बगीचे में ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाया

उन्होंने बताया कि बस्तर की मृदा एवं जलवायु आम की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि किसान आधुनिक तकनीकों जैसे हाई डेंसिटी सघन एवं अल्ट्रा हाई डेंसिटी अति सघन रोपण पद्धति को अपनाएं तो प्रति एकड़ 4 से 10 टन तक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही, आम्रपाली और अरुणिका जैसी बौनी किस्मों के उपयोग से फसल प्रबंधन सरल हो जाता है। तेज आंधी-तूफान से फसल को होने वाले नुकसान का जोखिम भी कम हो जाता है। जल संरक्षण को महत्व देते हुए श्री पार्थसारथी ने अपने बगीचे में ड्रिप सिंचाई प्रणाली को अपनाया है। उनका कहना है कि ड्रिप सिंचाई के माध्यम से कम पानी में भी अधिक क्षेत्र में सफलतापूर्वक आम की खेती की जा सकती है।




# चारपहिया वाहनों में सीधी टक्कर, पांच सवार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित भानपुरी थाना क्षेत्र के चपका के पास हुआ हादसा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 स्थित चपका के पास बुधवार दोपहर बोलेरो व कार के बीच जबरदस्त टक्कर में दोनों वाहन में सवार पांच लोग घायल हो गए। सड़क के बीचों बीच हुए हादसे के बाद मार्ग के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची भानपुरी पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर आवगमन बहाल कराया गया। जानकारी के मुताबिक दोपहर लगभग तीन बजे चपका के पास रायपुर की ओर से आ रही इको स्पोर्टस कार क्रमांक सीजी 04 एलएच 9994 व जगदलपुर से फरसागुड़ा आ रही बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 17 केई 7832 के बीच सीधी टक्कर हो गई। भानपुरी टीआई हर्ष धुरंधर ने बताया कि कार सवार रायपुर से आंध्रप्रदेश रिश्तेदारी में जा रहे थे। जबकि बोलेरो सवार जगदलपुर से ▶▶| शेष पेज 10 पर



# सार्वजनिक जगह में चाकू लहराकर लोगों को डराने वाला पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र स्थित मेटगुड़ा नर्सरी मार्ग में चाकू लेकर आने जाने वालों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। बोधघाट में टाउन पेट्रोलिंग को सूचना मिली थी कि एक युवक मेटगुडा नर्सरी के पास आम जगह में खड़ा होकर अपने पास एक बटनदार चाकू रखकर आने जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंचकर देखा तो एक युवक अपने कब्जे में बटनदार चाकू लहराकर लोगो को डराते धमकाते हुए मिला। इसके बाद आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नरेंद्र भारसा उर्फ मोदी 22 वर्ष निवासी संजयगांधी वार्ड का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से बटनदार चाकू को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग, एएसआई देवेंद्र राय, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, आरक्षक होरीलाल आर्मो व कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बस्तर के युवराज ने दिलाया छत्तीसगढ़ को गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 7 वीं राष्ट्रीय यूथ म्यू थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप

यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में म्यू थाई एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा यूथ राष्ट्रीय म्यू थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन एक से 4 जून तक इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम हल्द्वानी उत्तराखंड में किया जा रहा है। छग एमेच्योर म्यू थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय आयोजन में भाग लेने हेतु प्रदेश म्यूथाई दल में 27 यूथ म्यू थाई खिलाड़ियों और 9 अधिकारियों का दल प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। विगत माह ▶▶| शेष पेज 10 पर

# हत्या मामले में निरूद्ध महिला बंदी ने सेंट्रल जेल में की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- अपने ही रिश्तेदार की छेड़खानी करने पर लोहे के रॉड से मारकर की थी हत्या



हत्या के मामले में निरूद्ध महिला बंदी ने अपने ही बैरक की रॉड में साड़ी के पल्लू से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जांच कोतवाली पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि लगभग दो माह पूर्व 2 अप्रैल को उसे अपने ही चाचा ससुर की रॉड से मारकर हत्या करने के बाद गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया था। जानकारी के मुताबिक दरभा थाना क्षेत्र के चीतापुर निवासी रयमति बघेल पति लुदरू बघेल 35 वर्ष 2 अप्रेल से हत्या के मामले में गिरफ्तार होकर जेल निरूद्ध थी। जेल में रहने के दौरान परिवार के लोग भी उससे मिलने नहीं आते थे, जिससे वह परेशान थी। जानकारी के मुताबिक पड़ोस में रहने वाले चाचा ससुर अक्सर छेड़खानी किया करते थे। इसी वजह से उसने लोहे के राड से मारकर उसकी हत्या कर दी थी। इसी हत्या के मामले में वह जेल में बंद थी। जेल में बंद रयमति ने 31 मई की सुबह लगभग 7.30 बजे जब सभी बंदी बैरक से बाहर निकले, लेकिन वह बैरक में थी। जब सभी बाहर निकल गए तो उसने बैरक के रॉड में साड़ी के पल्लू को फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर तक बाहर नहीं निकलने पर साथी बंदियों ने पता किया तो वह फांसी के फंदे ▶▶| शेष पेज 10 पर

### परिजनों की मौजूदगी में कराया गया पीएम

रयमति की फांसी लगाकर आत्महत्या करने की खबर परिजनों को दी गई। पंचनामा के बाद परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता लग सकेगा।

- अक्षय तिवारी जेल अधीक्षक, सेंट्रल जेल जगदलपुर।

## नियमित रूप से पानी की गुणवत्ता की हो रही है जांच

# महापौर ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पावर हाउस स्थित फिल्टर प्लांट में इंटेकवेल, सेटलिंग टैंक व फिल्टर का महापौर संजय पांडेय ने अपने टीम के साथ अवलोकन किया। इस दौरान एलम, ब्लीचिंग, क्लोरीन सहित सभी रसायनों का सही ढंग से मिलावट कर टेस्टिंग किया गया।

टेक्निकल टीम ने बताया वर्तमान में इंद्रावती नदी के पानी में टर्बिडिटी (गंदलापन) कम है। ऐसी स्थिति में जल शोधन प्रक्रिया के दौरान पानी को कीटाणुरहित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले केमिकल डोजिंग पंप के माध्यम से सोडियम हाइपोक्लोराइट की मात्रा निर्धारित स्तर से अधिक जाने की संभावना रहती है। जलप्रदाय शाखा द्वारा सोडियम हाइपोक्लोराइट की संतुलित मात्रा सुनिश्चित करने के लिए नल की टोटी का उपयोग किया जाता रहा है। इसके पश्चात पेयजल की गुणवत्ता की जांच एवं परीक्षण कराया जाकर स्वच्छ पानी सप्लाई की जाती है। महापौर ने स्पष्ट किया है कि जल शोधन संयंत्र की आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हैं तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। निगम प्रशासन द्वारा नियमित रूप से पानी की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। पेयजल आपूर्ति की सतत निगरानी भी की जा रही है। उन्होंने आगे बताया वर्तमान में नदी का पानी में गंदलापन कम है। डोजिंग पंप से सोडियम हाइड्रोक्लोराइड की मात्रा बहुत ज्यादा बढ़ जाती है जिसे कंट्रोल करना मुश्किल होता है। जिसे देखते हुए लोकली कम सोडियम हाइपो क्लोराइड डालने के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत नल की टोटी लगाकर बहुत ही कम मात्रा में सोडियम हाइड्रोक्लोरराइड डाला जा रहा है। डोजिंग पंप का कार्य बारिश होने पर फिल्टर प्लांट में किया जाएगा। इस दौरान जल कार्य एमआईसी सदस्य सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, संजय विश्वकर्मा, राजपाल कसेर, ईई गोपाल भारद्वाज, अमर सिंह, संजीव कर्ण, रितेश पांडे, राजकीरण अम्भोरे, माधोराव चौहान आदि उपस्थित रहे।



### स्वास्थ्य से समझौता नहीं

नगर निगम के तकनीकी अमले संजीव कर्ण ने बताया बरसात के मौसम में जो गंदा पानी आता है उसमें रसायन मिलाया जाता है। सामान्य दिनों में रसायन की मात्रा अधिक न हो जाए इस बात को ध्यान में रखते हुए मैन्युअल बूंद बूंद टपकाया जाता है। लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर रसायन युक्त पानी का सैंपलिंग कर टेस्टिंग के बाद ही पानी टंकी में सप्लाई होता है। इस प्रकार स्वच्छ व पीने युक्त पानी टंकी से होकर घरों तक पहुंचता है।

# न्यायालय परिसर से बाईक चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



न्यायालय परिसर के पार्किंग से वाहन चोरी मामले का खुलासा करते हुए बोधघाट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद कर ली है। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी निरंजन बिसोई ने बताया कि 24 अप्रेल को वह न्यायलय परिसर के पार्किंग में अपना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 17 केएस 1841 को खड़ा करके न्यायलय में काम कर रहा था। कार्य समाप्ति बाद घर जाने के लिए देखा तो उसकी मोटर सायकल को किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी करके ले गया है। मामला दर्ज होते ही टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरा से संदेही को चिन्हांकित किया गया एवं संदेही अशोक ठाकुर पिता सुरेश 32 साल निवासी ग्राम लामनी ठोठापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ करने पर उसने चोरी करना कबूल किया उसकी निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई लोकेश्वर नाग, एएसआई देवेंद्र राय, दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक मयाराम कश्यप, आरक्षक होरी लाल आर्मो व कामदेव दर्रो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### धीवर समाज का करियर काउंसलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 5 जून को

**धमतरी।** धीवर समाज धमतरी परगना द्वारा छात्र-छात्राओं का करियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान 5 जून को सुबह 10 बजे धीवर समाज भवन महिमासागर वार्ड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में महापौर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा मनोचिकित्सक विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता, विषय चयन एवं करियर निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षाओं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। समाज के सचिव सोहनलाल धीवर ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### भीषण गर्मी से मिली राहत

**धमतरी।** आसमान में बादलों की आवाजाही और तापमान में आई गिरावट के कारण लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। सोमवार और मंगलवार को मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहा। तेज धूप का असर कम होने से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी। गर्म हवाओं से परेशान नागरिकों ने मौसम में आए इस बदलाव का स्वागत किया है।

### छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 को

**नगरी।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं की रिक्त 15 सीटों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। परीक्षा का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय श्रृंगी ऋषि अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में होगा। प्रवेश के लिए पात्र छात्राओं का पांचवीं कक्षा में न्यूनतम बी-ग्रेड प्राप्त करना अनिवार्य है।

# ग्रामीणों को कानूनी अधिकार, न्यायिक सुविधाओं को लेकर किया जागरूक

**ग्राम गद्दाड़ में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम पंचायत गद्दाड़ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों और न्यायिक सुविधाओं की जानकारी दी गई।

विधिक जागरुकता शिविर में बताया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति–जनजाति, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। ग्रामीणों को महिला अधिकार, बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।



**पुलिस थाना ईरागांव के सहयोग से हुआ आयोजन**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रिगरी के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सौम्या राय के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में पुलिस थाना ईरागांव का भी सहयोग रहा।

**कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए किया प्रेरित**

अधिकार मित्र द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क कानूनी सहायता का लाभ उठाएं।

## बड़ेकनेरा शिविर में पहुंचे थे सीएम विष्णुदेव

# सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग के हितग्राहियों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिस्सा लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद किया।

- शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी गतिविधियों की ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र खुटगुड़ा, बड़ेकनेरा का अवलोकन कर बच्चों से मुलाकात की तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली। महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती संतोषी भोयर ने बताया कि योजना से मिली सहायता राशि से उन्होंने ब्यूटी पार्लर शुरू किया है। वहीं श्रीमती संपत्ती माणिकपुरी ने सब्जी व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लाभान्वित महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। योजना के तहत माताओं को गर्भावस्था और प्रसव के दौरान आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से लाभान्वित महिलाओं ने शासन की सहायता के लिए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।





**अन्नप्राशन और गोदभराई की रस्म संपन्न**

कार्यक्रम में बालिकाओं का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। वहीं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने धात्री माताओं की गोदभराई की रस्म संपन्न कराई। बच्चों को सुपोषण किट तथा किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता के लिए हाइजीन किट वितरित किए गए।

**जागरूक पिता अभियान' का शुभारंभ**

शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पिताओं को सम्मानित कर 'जागरूक पिता अभियान' की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री ने बच्चों और माताओं के हित में किए जा रहे कार्योंं के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

# पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

थानातंर्गत केशकाल में एक पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि अमान विरानी नामक युवक, जिसके विरुद्ध पूर्व में अनाचार एवं ब्लैकमेलिंग के संबंध में अपराध दर्ज किया गया था। जेल से रिहा होने के बाद पुनः मोबाइल के माध्यम से पीड़िता से संपर्क कर उसे लगातार परेशान कर रहा था। आरोपी द्वारा पीड़िता पर पूर्व में दर्ज प्रकरण को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। केस वापस नहीं लेने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। साथ ही आरोपी द्वारा न्यायालयीन कार्रवाई एवं कोर्ट-कचहरी में हुए अपने खर्च के पैसे भी पीड़िता से मांगे जा रहे थे। पीड़िता की शिकायत पर थाना केशकाल में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन, एसडीओपी केशकाल अरुण नेताम के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी केशकाल निरीक्षक विकास बघेल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी प्रारंभ की गई।

- पीड़िता को फोन कर मामला वापस लेने और पैसे की मांग कर रहा था

पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमान विरानी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में सुसंगत धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। केशकाल पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, धमकी, दबाव एवं उत्पीड़न संबंधी मामलों में सख्त एवं त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

# फरसगांव उपचुनावः आज होगा जीत-हार का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 01 एवं 12 में पार्षद पद के लिए सोमवार को हुए उपचुनाव का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के बाद आज गुरुवार 4 जून की सुबह 9 बजे के बाद मतगणना के साथ ही परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही दोनों वार्डों में नए पार्षदों के नाम पर भी मुहर लग जाएगी। सोमवार को हुए मतदान में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वार्ड क्रमांक 01 में कुल 313 मतदाताओं में से 284 ने मतदान किया, जिससे 90.71 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। वहीं वार्ड क्रमांक 12 में 293 मतदाताओं में से 255 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यहां 87.03 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम मशीनों एवं चुनावी सामग्री को फरसगांव स्थित कन्या हाई स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है, वहीं 24 घंटे निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आज निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में तथा प्रत्याशियों एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतगणना की प्रक्रिया संपन्न होगी। मतगणना पूरी होते ही दोनों वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे, जिसके बाद यह साफ हो जाएगा कि वार्ड क्रमांक 01 और 12 की जनता ने किस प्रत्याशी को अपना जनप्रतिनिधि चुना है।

- मतगणना के बाद घोषित होंगे नतीजे, वार्ड 1 और 12 को मिलेंगे नए पार्षद



**कांग्रेस-भाजपा कर रहे हैं जीत के दावे**

इधर कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दावा कर रहे हैं। चुनाव परिणाम को लेकर नगर के चौक-चौराहों, चाय दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर चर्चाओं का दौर भी तेज हो गया है। मतदान सम्पन्न होने के बाद अब सभी की निगाहें मतगणना पर टिकी हुई हैं। हालांकि वार्ड क्रमांक 01 और 12 में जीत का सेहरा किस प्रत्याशी के सिर बंधेगा और किस पार्टी के खाते में जीत जाएगी। इसका फैसला आज मतगणना पूरी होने के बाद घोषित होने वाले चुनाव परिणाम से ही स्पष्ट हो सकेगा।

# डॉक्टर के अभद्र व्यवहार से मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर द्वारा अस्पताल में आए हुए मरीजों से अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने का मामला सामने में आया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार कि सुबह मरीज इलाज कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे। डॉक्टर द्वारा मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। जिसकी सूचना पत्रकारों को भी दी गई। डॉक्टर द्वारा पत्रकारों को भी घायल करने का प्रयास किया गया। इसकी लिखित शिकायत थाने में की गई। जिसके बाद पुलिस जाँच मे जुटी हुई है। खंड चिकित्सा अधिकारी डीके बिसेन ने कहा कि डॉक्टर द्वारा मरीज के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। पूर्व में भी इनको द्वारा शराब पीकर कार्य मे उपस्थित होने के कारण नोटिस भेजा गया था। हमने इस मामले को उच्च अधिकारियों को भेजा है। पार्षद भूपेश चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल में इस प्रकार की घटना अशोभनीय है। इससे निश्चित ही समाज को खतरा है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# बोकराबेड़ा को मिली सौगात, जिला पंचायत सदस्य ने सौंपा पानी टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ग्राम पंचायत बोकराबेड़ा के ग्रामीणों को पेयजल सुविधा मजबूत करने के उद्देश्य से क्षेत्र क्रमांक-5 के जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग ने 15वें वित्त आयोग जिला पंचायत निधि वर्ष 2025-26 के तहत बुधवार को पानी टैंकर प्रदान किया। पानी टैंकर मिलने से ग्रामीणों को पेयजल संकट से राहत मिलेगी तथा विभिन्न जनहित एवं विकास कार्यों में भी सुविधा होगी। टैंकर वितरण कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मंगाऊ राम सलाम, उपसरपंच संजय नाग, जनपद सदस्य प्रतिनिधि परसोतम कुलदीप, गयता दवरू राम शोरी, पवन मरकाम, श्यामलाल नाग सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग का आभार व्यक्त करते हुए इसे गांव के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया।

**कलेक्टर ने समय–सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

# सुशासन तिहार के आवेदनों के त्वरित निराकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने अधिकारियों को सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने शिविरों में प्राप्त मांगों और समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। ग्रामीण एवं विशेष आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों के लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा कर समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने किसानों को समय पर खाद एवं बीज उपलब्ध कराने तथा कृषि आदानों की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने को कहा गया।

**प्रमाण-पत्र वितरण में तेजी लाने पर जोर**

जाति प्रमाण–पत्र एवं जन्म प्रमाण–पत्र के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण कर समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, लखपति दीदी योजना, स्वामित्व योजना, डिजिटल किसान किताब, बी–1 एवं खसरा वितरण सहित कई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

**राष्ट्रीय मंच पर हुआ सम्मान, कृषि नवाचारों को मिली नई पहचान**

# बस्तर के डॉ. त्रिपाठी को नोएडा में दिया गया कृषि ऋषि सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर के प्रगतिशील किसान एवं कृषि विशेषज्ञ डॉ. राजाराम त्रिपाठी को नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रतिष्ठित कृषि ऋषि सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकार उदय सिन्हा, अमिताभ अग्निहोत्री और पीटीआई डिजिटल के चीफ एडिटर प्रत्यूष रंजन द्वारा प्रदान किया गया।

- कृषि, एआई और विकसित भारत पर हुई चर्चा

सम्मान समारोह से पूर्व कृषि, स्वास्थ्य, एआई और विकसित भारत–2047 विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में डॉ. त्रिपाठी ने कृषि क्षेत्र में रोजगार, उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कृषि की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। डॉ. त्रिपाठी ने अपने चर्चित नेचुरल ग्रीन हाउस नवाचार की जानकारी देते हुए बताया कि यह कम लागत वाला, पर्यावरण–अनुकूल और किसानों के लिए लाभकारी मॉडल है। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने इसे मां दंतेश्वरी हर्बल समूह, बस्तर की धरती और आदिवासी समाज को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि बस्तर की जैविक खेती, ग्रामीण नवाचारों और प्रकृति आधारित जीवन दर्शन का सम्मान है।




**राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी बस्तर मॉडल की पहचान**

इस अवसर पर कृषि, तकनीक, स्वास्थ्य और जिम्मेदार पत्रकारिता की भूमिका पर भी व्यापक चर्चा हुई। डॉ. त्रिपाठी को मिला यह सम्मान बस्तर की जैविक खेती और ग्रामीण विकास मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाला माना जा रहा है।

## पेज 9 के शेष

**35 किस्मों के ....**

किया गया। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि बस्तर क्षेत्र की आम उत्पादन क्षमता को भी राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली है। पार्थसारथी की सफलता यह दर्शाती है कि वैज्ञानिक सोच, सही तकनीक और गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री के माध्यम से बस्तर क्षेत्र में आम की खेती किसानों की आर्थिक समृद्धि का सशक्त माध्यम बन सकती है। उनकी उपलब्धियां न केवल क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, बल्कि बस्तर को उत्कृष्ट आम उत्पादन क्षेत्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

आम की खेती में कम होती है श्रम व पूंजी : श्री पार्थसारथी ने बताया कि आम की खेती अन्य पारंपरिक फसलों की तुलना में अपेक्षाकृत कम श्रम एवं पूंजी की मांग करती है। यही कारण है कि सीमांत एवं लघु किसान भी कम निवेश में आम के बगीचे स्थापित कर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। आम के पेड़ों में कीट एवं रोगों का प्रकोप अपेक्षाकृत कम होता है। समय पर प्रबंधन से इन्हें आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। नए किसानों को सलाह देते हुए वे कहते हैं कि आम का बगीचा स्थापित करने से पहले विशेषज्ञों की सलाह अवश्य लेनी चाहिए तथा मृदा परीक्षण करवाकर ही पौधरोपण करना चाहिए। किस्मों का चयन स्थानीय जलवायु एवं बाजार की मांग को ध्यान में रखकर करना चाहिए।

**चारपहिया वाहनों में ....**

फरसागुड़ा की तरफ आ रहे था। इसी बीच चपका के करीब तेज रफ्तार दोनों वाहन आपस में टकरा गई। हादसे में वाहनों में सवार पांच लोग घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और भानपुरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गई थी और सड़क जाम हो गया था। भानपुरी पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को हटाकर बाधित आवागमन दुरूस्त किया गया। हादसे में घायल हुए सभी लोगों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। उन्हें भानपुरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है। वहीं भानपुरी पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। हादसे में बोलेरो चालक शरद कश्यप 25 वर्ष व सोनू रजक 26 वर्ष निवासी फरसागुड़ा घायल हो गए। कार में सवार रायपुर निवासी भावेश यादव 23 वर्ष निवेदिता चटर्जी 50 वर्ष और उर्मिला 19 वर्ष घायल हो गए।

**बस्तर के युवराज ...**

दल्ली राजहरा जिला बालोद में आयोजित 25 वीं राज्य स्तरीय म्यूथाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर स्थान बनाने वाले 80 से अधिक वजन वर्ग में बस्तर के खिलाड़ी युवराज सिंह का चयन यूथ राष्ट्रीय म्यू थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिये किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में केरल के खिलाड़ी महादेवन को दूसरे राउंड में नॉक आऊट कर छत्तीसगढ़ को 80 के अधिकर वजन कटेगरी में युवराज ने गोल्ड मेडल अपने नाम कर छत्तीसगढ़ और बस्तर का नाम रौशन किया।

**हत्या मामले में....**

में झूलती मिली। जब तक उसे उतारा जाता उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की जा रही है। उसने आत्महत्या की या मौत की वजह कुछ और है इसका खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा।

छोटे- छोटे बच्चों को लेकर भी थी परेशानः बताया जा रहा है कि रयमति बघेल के तीन छोटे छोटे बच्चे है जिनको लेकर भी वह परेशान रहती थी। इसके अलावा जब से वह जेल में थी उसके पति व अन्य परिजन भी मिलने जेल में नहीं आ रहे थे। पति व बच्चों की चिंता के कारण वह गहरे मानसिक तनाव में थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी तनाव और अकेलेपन के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा।

## खबर संक्षेप

### सुरनार में हुआ क्लस्टर स्तरीय शिविर



**दंतेवाड़ा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत आज ग्राम पंचायत सुरनार में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत धनीकरका, दुवालीकरका, बुरदीकरका, नड़ियापदर, सुरनार, गाटम एवं बड़ेलखापाल के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक चैतराम अटामी शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत कटेकल्याण के उपाध्यक्ष भीमसेन मंडावी सहित जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दो दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण के रूप में छड़ी एवं व्हीलचेयर वितरित की गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा चार शिशुओं के अन्नप्राशन संस्कार की रस्म संपन्न कराई गई। शिविर में कुल 14 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान कुल 221 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 216 मांग संबंधी तथा 5 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न सुविधाओं एवं विकास कार्यों से संबंधित मांगों को प्रशासन के समक्ष रखा। आयोजन के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

### जावंगा में कला व संगीत शिक्षा प्रवेश प्रक्रिया

**दंतेवाड़ा/गीदम।** दक्षिण बस्तर अंचल के युवाओं के लिए कला, संगीत एवं ललित कला के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध हुआ है। वीरांगना मासक देवी नागा शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय, जावंगा के अंतर्गत संचालित कला एवं संगीत महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस पहल से क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने गृह जिले में ही कला एवं संगीत की उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि महाविद्यालय को राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से मान्यता प्राप्त है। संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए युवाओं को कला एवं संगीत के क्षेत्र में व्यावसायिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। यहां विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपनी प्रतिभा को निखारकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकें। महाविद्यालय में बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स बीपीए के अंतर्गत गायन वोकल म्यूजिक, तबला, कथक, भरतनाट्यम एवं लोकसंगीत जैसे विषयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत, नृत्य एवं लोक कला की विविध विधाओं का गहन ज्ञान प्रदान किया जाता है।

# जल संकट की मार, गर्मी से सूखे 75 प्रतिशत तालाब

## ग्रामीणों और मवेशियों के सामने पेयजल का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

बीजापुर जिले के आदिवासी विकासखंड भोपालपटनम क्षेत्र के अधिकांश गांवों में

- ग्रामीणों ने जल संरक्षण की स्थायी व्यवस्था की मांग

भीषण गर्मी के कारण 75 प्रतिशत से अधिक तालाब सूख चुके हैं। कई तालाब



पूरी तरह से जलविहीन हो गए हैं, जबकि जिन तालाबों में थोड़ा-बहुत पानी बचा है, वह भी गंदा और मटमैला हो चुका है। तहसील अंतर्गत ग्रामों के ग्रामीणों को निस्तारी कार्यों के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। तालाबों के सूखने से ग्रामीणों के साथ-साथ मवेशियों के सामने भी गंभीर जल संकट खड़ा हो गया है। नहाने, कपड़े धोने तथा पशुओं को पानी पिलाने जैसी दैनिक आवश्यकताओं के लिए लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष तालाबों की खुदाई और मरम्मत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन गर्मी के दिनों में तालाबों में पानी संरक्षित रखने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणाम स्वरूप क्षेत्र के अधिकांश तालाब मार्च और अप्रैल माह में ही सूख जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल संरक्षण की प्रभावी योजना बनाकर तालाबों में वर्षभर पानी बनाए रखने की व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों और पशुओं को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

## ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा होगी सुदृढ़

# मुख्यमंत्री ने चेरपाल में बिहान की दीदियों को सौंपी टाटा मैजिक वाहन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम चेरपाल में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए विकासखंड कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के 8 संकुल स्तरीय संगठनों

- महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को मिलेगी नई उड़ान

को आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत टाटा मैजिक सवारी वाहनों की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अधिकारियों ने जानकारी दी कि आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ दूरस्थ अंचलों में परिवहन सुविधाओं को मजबूत बनाना है। योजना के तहत प्रदाय किए गए प्रत्येक टाटा मैजिक वाहन के लिए लगभग 5 लाख रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की गई है। इन वाहनों के संचालन से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा तथा ग्रामीण परिवहन



व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

कार्यक्रम में बताया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से जिले में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले के 41 हजार 110 परिवारों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर स्वरोजगार एवं आयवर्धन गतिविधियों से जोड़ा गया है। समूह की महिलाएं कृषि आधारित गतिविधियों, पशुपालन, लघु उद्यम, वनोपज प्रसंस्करण तथा विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

### महिलाओं को मिलेगा स्थायी आय का स्रोत

मुख्यमंत्री द्वारा प्रदाय किए गए इन वाहनों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ, सुरक्षित एवं किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे दूरस्थ गांवों का बाजारों, स्वास्थ्य संस्थानों, शैक्षणिक केंद्रों तथा जिला मुख्यालय से बेहतर संपर्क स्थापित होगा। साथ ही महिलाओं को वाहन संचालन एवं प्रबंधन के माध्यम से नियमित आय प्राप्त होगी, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति और अधिक सुदृढ़ होगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना से उन्हें न केवल रोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा का एक नया माध्यम भी प्राप्त होगा। यह पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बनकर उभर रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मान पट्टिका स्थापित करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षकों के नाम एवं सम्मान वर्ष को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रदर्शित किए जाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी दन्तेवाड़ा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि

- जिला शिक्षा अधिकारी दन्तेवाड़ा को सौंपा ज्ञापन

राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षक जिले की शैक्षिक उपलब्धियों के प्रतीक हैं तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों ने जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है।

ऐसे शिक्षकों के नाम, सम्मान वर्ष एवं सम्मान प्राप्ति के समय की पदस्थापना को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए, जिससे वर्तमान एवं भावी शिक्षक तथा विद्यार्थी प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षक जिले की अमूल्य धरोहर हैं। उनके कार्यों का सम्मान एवं अभिलेखीकरण किया जाना आवश्यक है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्मान पट्टिका स्थापित होने से उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलेगा तथा नई पीढ़ी को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं उत्कृष्टता हेतु प्रेरणा प्राप्त होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के संरक्षक खेदू राम ठाकुर, सुश्री नेहा नाथ, विजय लक्ष्मी सुमन जार्ज एवं सुनीता जार्ज उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने आशा व्यक्त की कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शीघ्र ही राज्यपाल शिक्षक सम्मान प्राप्त शिक्षकों के नाम प्रदर्शित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, जिससे जिले के शिक्षकों के उत्कृष्ट योगदान को स्थायी पहचान प्राप्त होगी।

# प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए तीन पालियों में अफसर-कर्मियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आगामी मानसून सत्र के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, अतिवृष्टि, आंधी-तूफान एवं अन्य आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को त्वरित गति से संचालित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है।

कलेक्टर कार्यालय दंतेवाड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार मानसून वर्ष के दौरान बाढ़, अतिवृष्टि एवं आंधी-तूफान से होने वाली जन-धन हानि, फसल क्षति, मकान क्षति तथा अन्य प्राकृतिक आपदा संबंधी घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने, उसका संकलन करने और राहत कार्यों के समन्वय हेतु जिला कार्यालय दंतेवाड़ा के नियंत्रण कक्ष क्रमांक-137 में आगामी आदेश तक जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। प्रथम पाली प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक तथा तृतीय पाली रात्रि 8 बजे से अगले दिन प्रातः 6 बजे तक संचालित होगी।

प्रथम पाली में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग दंतेवाड़ा के अधीन कार्यरत सहायक ग्रेड-3 हर्षित गौतम को तहसीलों से प्राप्त होने वाली जानकारी का संकलन कर निर्धारित प्रारूप (एनेक्सर-1) में दैनिक प्रतिवेदन तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 नरेन्द्र टंडन को प्रतिदिन होने वाली क्षति की जानकारी का पंजी संधारण एवं अभिलेखीकरण करने का दायित्व सौंपा गया है। इनके सहयोग के लिए श्रम विभाग के भृत्य नागेन्द्र प्रसाद पटेल को तैनात किया गया है।

दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित होने वाली द्वितीय पाली में उप संचालक उद्यान विभाग दंतेवाड़ा के ग्रेड-3 कर्मचारी रामजी नाग को प्रथम पाली में किए गए समस्त कार्यों का प्रभार लेकर नियंत्रण कक्ष संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। शासकीय हाई स्कूल कांवड़गांव के सहायक ग्रेड-3 भगत राम ठाकुर को उनकी ड्यूटी अवधि में प्राप्त होने वाली सभी सूचनाओं एवं जानकारियों को तत्काल जिला नियंत्रण अधिकारी तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भृत्य पलाश जोध भी नियंत्रण कक्ष में सेवाएं देंगे।

रात्रि 8 बजे से अगले दिन प्रातः 6 बजे तक संचालित तृतीय पाली में उप वनमंडल कार्यालय गीदम के वायरलेस ऑपरेटर शम्भूनाथ झा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेटापाल के सहायक ग्रेड-3 बसंत यदु की ड्यूटी लगाई गई है। इन्हें द्वितीय पाली में सौंपे गए सभी कार्यों का प्रभार लेकर नियंत्रण कक्ष संचालन, सूचनाओं का संकलन एवं जिला नियंत्रण अधिकारी को तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त राहत शाखा के प्रभारी अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्यों का भी निष्पादन किया जाएगा।

### सूचना प्राप्त होते ही संबंधित विभागों को किया जाएगा अवगत

जिला प्रशासन ने निर्देश दिए हैं कि नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारी दूरभाष, मोबाइल अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली किसी भी आपदा संबंधी सूचना को तत्काल संबंधित विभागों एवं अधिकारियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। साथ ही प्राप्त सूचनाओं का विधिवत संधारण एवं प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

### कार्यभार सौंपे बिना नहीं छोड़ सकेंगे नियंत्रण कक्ष

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ड्यूटी समाप्त होने के पश्चात संबंधित कर्मचारी अपने उत्तराधिकारी को समस्त कार्यों एवं अभिलेखों का विधिवत प्रभार सौंपने के बाद ही नियंत्रण कक्ष छोड़ सकेंगे। ऐसा नहीं करने पर उन्हें ड्यूटी से अनुपस्थित माना जाएगा। नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी हेतु समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। ड्यूटी अवधि में अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएमजीएसवाय के प्रमुख अभियंता ने की सड़कों की गुणवत्ता की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले के बीजापुर में पीएमजीएसवाए योजनाओं के अंतर्गत निर्मित एवं प्रगतिरत सड़कों की गुणवत्ता की व्यापक जांच की गई।

प्रमुख अभियंता केके कटारे, अधीक्षण अभियंता मनोज रात्रे सहित विभागीय अमले ने विभिन्न निर्माण स्थलों पर पहुंचकर सड़को का बारीकी से निरीक्षण किया।

- तकनीकी मानकों के अनुरुप कार्य नहीं कराये जाने से नाराजगी



अधिकारियों ने सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मापदंडों, सड़क की मोटाई, सतह की मजबूती जल निकासी व्यवस्था तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से जांच की गई है। भोपालपटनम विकासखं में उलूर से केरपे, लंबाई 90 किमी सड़क की भी विभागीय टीम ने गुणवत्ता जांच की। निरीक्षण के दौरान सड़कों की सतह, मजबूती एवं तकनीकी मानकों के अनुरुप कार्य नही कराये जाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए ठेकेदार अंकित गुप्ता को निर्देशित किया गया है कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किये जाने के उपरांत ही भुगतान किया जाना संभव है साथ ही सड़क के बगल से खाई नूमा मिटटी खोद कर अर्थवर्क कार्य करने पर एवं मनमर्जी ढंग से किसी भी स्थान पर पुलिया बनायें जाने पर गहरी व्यक्त की गयी तथा ठेकेदार अंकित गुप्ता को निर्देशित किया गया कि सभी पुलियों को तोड़कर विभागीय अभियंताओ के निर्देशानुसार पुनः कार्य किया जावे एवं सड़क के बगल से मिटटी खोदे जाने के कारण सड़क में कटाव होने कि आंशका के कारण उसे भरे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार पालनार से रेगडगटटा लंबाई 5 किमी एवं भैरमगढ़ बीजापुर रोड़ 20 किमी से बडेतुंगली ठेकेदार दंगल बिल्डर्स को कार्यो को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। एल.26 बोगामगुडा से गुमरा ठेकेदार हरबीर सिंह बदेशा गुणवत्तापूर्वक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही स्थल का विभागीय एवं ठेकेदार के तकनीकी अमलों के साथ पुनः संयुक्त निरीक्षण हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से विशेष रुप से अति पिछड़े एवं जनजातीय क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा, जिससे ग्रामीणों को शिक्षात्र स्वास्थ्य सेवाओं, बाजार एवं रोजगार के अवसरों तक बेहतर पहुंच मिलेगी। उन्होनें यह भी कहा कि ग्रामीण सड़कें क्षेत्रीय विकास की आधारशीला होती हैं और इनके माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलती है।

प्रमुख अभियंता केके कटारे द्वारा ठेकेदारों एवं विभागीय अभियंताओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्वता का विशेष ध्यान रखा जाए जिससे बीजापुर जिले में नक्सल उलमूलन के उपरांत जिले के विकास कार्यो में तेजी आये एवं ग्रामीण जनता सीधे संपर्क मांगों से जुड़ सकें।

# मत्स्य पालन और सब्जी उत्पादन से बढ़ी किसान की आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत निर्मित डबरियां बीजापुर जिले के ग्रामीण किसानों के लिए आजीविका संवर्धन का सशक्त माध्यम बन रही हैं। जनपद पंचायत भोपालपटनम की ग्राम पंचायत चेरपल्ली के किसान वासम अब्बैया इसकी एक प्रेरणादायक मिसाल हैं। लगभग 2 एकड़ कृषि भूमि के स्वामी वासम अब्बैया की निजी भूमि पर वित्तीय



वर्ष 2023-24 में मनरेगा के तहत 2 लाख 25 हजार रुपये की लागत से डबरी का निर्माण किया गया। इस कार्य में कुल 993 मानव दिवस का सृजन हुआ तथा 104 जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। डबरी निर्माण के बाद वासम अब्बैया ने इसमें मत्स्य पालन शुरू किया। पहली बार में लगभग 20 किलोग्राम मछली का विक्रय कर उन्होंने करीब 35 हजार रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की। वर्तमान में डबरी में 40 किलोग्राम मछली बीज डाला गया है, जिससे भविष्य में और अधिक आय की संभावना है। डबरी के किनारों पर उन्होंने सेमी, बरबट्टी और लौकी जैसी सब्जियों का उत्पादन भी किया। सब्जियों के विक्रय से उन्हें लगभग 40 हजार रुपये का अतिरिक्त लाभ प्राप्त हुआ।




**कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर जगदलपुर**

**-: उद्घोषणा :-**

रा. प्र. क्र.-108/अ-4/2 /अ-4/ 2025-2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक रंजन मुखर्जी पिता चितरंजन मुखर्जी एवं अन्य निवासी श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड जगदलपुर के द्वारा मोहल्ला पनारापारा शीट क्र. 74 भूखण्ड क्र. 50/2 क्षेत्रफल 1050 वर्गफुट, भू-भाटक 1.98 रूपये स्थाई पट्टे की भूमि को नवीनीकरण करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 17/06/2026 तक स्वयं या अपने विधिमान्य अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/06/2025 को न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(मुहर)

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

# तीखी खटास व प्राकृतिक सुगंध से विदेश के बाजारों में महक रहा बस्तर का अमचूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर का अमचूर अपनी जैविक और पारंपरिक गुणवत्ता के कारण केवल भारत में ही नहीं, बल्कि अमेरिका, यूरोप और खाड़ी देशों तक भारी मांग में है। बस्तर क्षेत्र में आम के पेड़ों की विशाल विविधता और आदिवासियों द्वारा पारंपरिक रूप से धूप में सुखाकर बनाया गया अमचूर अपनी तीखी खटास और प्राकृतिक सुगंध के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हो रहा है। बस्तर के जंगलों में आम के पेड़ों में किसी भी तरह के रासायनिक खाद या कीटनाशकों का उपयोग नहीं होता है। आदिवासी परिवारों द्वारा इसे हाथ से छीलकर और पूरी तरह प्राकृतिक तरीके से सुखाकर तैयार किया जाता है, जिससे इसका स्वाद और गुण बरकरार रहते हैं। इसकी गुणवत्ता ऐसी है कि यह बिना खराब हुए महीनों तक अपनी महक और स्वाद बनाए रखता है। बस्तर संभाग के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, छिन्दगढ़ और नकुलनार क्षेत्र के देसी आम से बने अमचूर की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। इस वर्ष बस्तर संभाग के 11 मंडियों में 65 हजार क्विंटल अमचूर की आवक हुई, जिसमें से अधिकांश अमचूर विक्रय कर व्यापारियों ने आंध्रप्रदेश, केरल, उत्तरप्रदेश सहित विदेश भेजा।

## सातों जिलों में हुई 65 हजार क्विंटल अमचूर की आवक



### आवक बढ़ाएं

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि 11 मंडी सचिवों को निर्देश दिया कि मंडी में उपज की आवक बढ़ाएं, जिससे मंडी की आय बढ़े। मंडी में वर्तमान में अमचूर की आवक हो रही है।

### बाजारों में है अच्छी मांग

बस्तर में सबसे ज्यादा अलग अलग प्रजाति के देसी आम की फसल पाए जाते हैं। गर्मी के मौसम में देसी आम की सबसे ज्यादा डिमांड होती है और व्यापारियों को भी इसकी फसल का इंतजार रहता है। सालाना करोड़ों रुपए अमचूर बस्तर के ग्रामीण अंचलों से ग्रामीणों के जरिए देश और विदेशों के बाजारों तक पहुंचता है।

## खबर संक्षेप

### उप चुनाव जीत कर कांग्रेस तोड़ेंगी भाजपा के सारे भ्रम

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जावेद खान ने इंदिरा वार्ड उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के जीत का प्रबल दावा करते हुए कहा है कि भाजपा ने इस उप चुनाव में सत्ता और संगठन दोनों को ही झोंक डाला था बावजूद इसके भाजपा जीत से कोसों दूर है और इस उप चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। भाजपा के प्रत्याशी मनोहर दत्त तिवारी उप चुनाव नहीं जीत पाएंगे। वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी को जिता कर नगर निगम पहुंचाने कांग्रेसियों की एकजुटता, चुनावी रणनीति और मजबूत विपक्ष की भूमिका कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि धरातल पर जनता के लिए भाजपा सरकार ने कुछ किया नहीं है, जिसके चलते एड़ी-चोटी का जोर लगाने के बावजूद भी जनता ने इन्हें अस्वीकार कर दिया है, अब जनता का मोह भाजपा के जनप्रतिनिधियों से पूरी तरह भंग हो चुका है, जिसके परिणाम स्वरूप भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। जनता के आशीर्वाद से कांग्रेस पार्टी 4 जून को भाजपा के सारे भ्रम तोड़ देगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, प्रभारी द्वय पूर्व क्रेडा अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार और पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुटता के साथ भाजपा को इस उप चुनाव में धूल चटाने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है और जनता ने भी कांग्रेस के परिश्रम को स्वीकार किया है और भाजपा के छलावे को बखूबी समझा है।



### उन्नत खेती से परिवार हुआ खुशहाल

**जगदलपुर।** राज्य सरकार की कृषक उन्नति योजना किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसका जीवंत उदाहरण तोकापाल विकासखंड के ग्राम सिंगनपुर निवासी किसान पाकलूराम मौर्य हैं, जिन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों और शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपनी खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल दिया है। पाकलू मौर्य समर्थन मूल्य धान विक्रय कर अपनी फसल ऋण को भी हर साल चुकता कर देते हैं। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से प्राप्त होने वाली सहायता राशि का भी उपयोग खेती-किसानी के लिए करते हैं। पाकलूराम मौर्य ने बताया कि वह अपनी साढ़े चार एकड़ कृषि भूमि पर पिछले दो वर्षों से धान और मक्का की उन्नत खेती कर रहे हैं। शासन की योजनाओं का लाभ और कृषि विभाग के मार्गदर्शन से उनकी आय में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे उनका परिवार आर्थिक रूप से सशक्त और खुशहाल हुआ है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से मिलने वाले ब्याजमुक्त फसल ऋण ने खेती-किसानी को आसान बनाया है।



## बस्तर संभाग में 46 हजार मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक उपलब्ध


# किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : दिनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- वैज्ञानिक सलाह के अनुसार उर्वरकों के उपयोग की अपील, संतुलित उर्वरक उपयोग से घटेगी खेती की लागत : श्रीनिवास
- 34 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा कृषि ऋण

छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा खरीफ के लिए सहकारी क्षेत्र में उर्वरक वितरण संबंधी नवीन दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के अनुरूप बस्तर संभाग के जिलों में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण सुनिश्चित किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप एवं उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समितियों के माध्यम से उर्वरक वितरण की समुचित व्यवस्था की गई है।

राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार खरीफ 2025 में किसानों को वितरित यूरिया की 80 प्रतिशत तथा डीएपी की 60 प्रतिशत मात्रा के आधार पर खरीफ 2026 में उर्वरक वितरण किया जाएगा। यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा आवश्यकता अनुसार पारंपरिक यूरिया अथवा नैनो यूरिया के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि डीएपी की शेष मात्रा के लिए नैनो डीएपी एवं अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का उपयोग किया जाएगा। शासन का उद्देश्य संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना, खेती की लागत कम करना तथा मृदा की उर्वरा शक्ति का संरक्षण करना है।

बस्तर संभाग में 1 अप्रैल से 6 जून की स्थिति में उर्वरकों का व्यापक भण्डारण किया गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार संभाग के दंतेवाड़ा जिला जैविक घोषित होने से रासायनिक खाद का उपयोग नहीं किया जाता तथा शेष छह जिलों बस्तर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, सुकमा एवं बीजापुर में कुल 55,366.98 मीट्रिक टन उर्वरकों का भण्डारण किया गया है। इनमें से 8,941.57 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया जा चुका है तथा वर्तमान में 46,425.41 मीट्रिक टन उर्वरक शेष उपलब्ध है, जो आगामी खरीफ सीजन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त माना जा रहा है। अध्यक्ष कश्यप ने कहा कि शासन के नवीन निर्देशों के अनुरूप किसानों को समय पर एवं पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। समितियों में लगातार भण्डारण एवं वितरण की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी क्षेत्र में उर्वरक की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो।

उपाध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इससे संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा मिलेगा तथा खेती की लागत में कमी आएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित मात्रा एवं वैज्ञानिक सलाह के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करें।

कश्यप एवं मिश्रा ने कहा कि बस्तर संभाग में वर्तमान उपलब्धता एवं सतत आपूर्ति व्यवस्था को देखते हुए किसानों को खरीफ सीजन में उर्वरक की कमी की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सहकारी समितियों के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है और शासन के निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### किसानों को समय पर मिल रहा कृषि ऋण

संभाग स्तर पर खरीफ 2026 के दौरान किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 34,839 किसानों को लगभग 1300 करोड़ रुपये ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सहकारी संस्थाओं के माध्यम से अब तक 230 करोड़ 31 लाख रुपये से अधिक राशि का ऋण किसानों को वितरित किया जा चुका है। यह प्रक्रिया लगातार जारी है, जिससे किसानों को समय पर कृषि कार्यों के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध हो रही है और खरीफ सीजन की तैयारियों को गति मिली है।

# मारपीट कर धमकाया, चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कोयलीबेड़ा क्षेत्र में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है तथा पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार मामले में बिराजो बाई उईके की शिकायत पर कोयलीबेड़ा पुलिस ने कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोप है कि सभी ने मिलकर विवाद के दौरान प्रार्थी के साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौज की तथा मारपीट कर उसे नुकसान पहुंचाया। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई।

पुलिस ने आरोपियों कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2), धारा 296 (बी), धारा 3(5) एवं धारा 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। इन धाराओं में स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, अश्लील या अभद्र



कृत्य, समान आशय से सामूहिक रूप से अपराध करने तथा आपराधिक धमकी देने जैसे प्रावधान शामिल हैं। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने संबंधित पक्षों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले से जुड़े साक्ष्य और परिस्थितियों की जांच की जा रही है ताकि घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

**आनलाइन एफआईआर में जानकारी गायब:** कोयलीबेड़ा थाना में अपराध क्रमांक 07/26 में शिकायतकर्ता कालम में बिराजो बाई उईके और आरोपी कालम में कुमारी जुनाय उईके, पंचलाल उईके, देवलाल वड्डे तथा सुनील उईके और धारा में धारा 115 (2), धारा 296 (बी), धारा 3(5) एवं धारा 351(2) दर्ज है। आनलाईन में इस अपराध को खोला गया तो अंदर सभी जगह एक भी जानकारी नहीं है और कोरा एफआईआर है। कोयलीबेड़ा थाना के सराकरी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो सका।

# मुर्गी दाना और चूजा पालन व्यवसाय से चमकी किस्मत, चार जिलों में सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बिहान से मिली उड़ान-लखपति दीदी रत्ना ठाकुर बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) से जुड़कर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम टिकरा धनोरा की लखपति दीदी रत्ना ठाकुर ने मेहनत, नवाचार और आत्मविश्वास के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई है। आज वह न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हैं, बल्कि क्षेत्र की अनेक महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गई हैं।

रत्ना ठाकुर ने बताया कि वह पिछले तीन वर्षों से इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के माध्यम से मुर्गीपालन के लिए दाना तैयार कर रही हैं। उनके द्वारा निर्मित दाने की मांग स्थानीय कुक्कुटपालकों के अलावा दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों तक है। इससे उन्हें नियमित आय प्राप्त हो रही है। रत्ना ने बताया कि दाना निर्माण के साथ-साथ वह ब्रूडिंग चूजों का पालन-पोषण कर उन्हें बड़ा करती हैं और बाद में होटल एवं ढाबों में उनकी आपूर्ति करती हैं। इस व्यवसाय ने उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है।



रत्ना ने कृषि क्षेत्र में भी उन्होंने आधुनिक तकनीकों को अपनाया है। करीब दो एकड़ भूमि पर मल्चिंग विधि से साग-सब्जियों की खेती कर वह हर माह 15 से 20 हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। खेती और पशुपालन आधारित इन गतिविधियों ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है।

रत्ना बताती हैं कि माता-पिता की इकलौती संतान होने के कारण वह अपने माता-पिता के साथ रहती हैं। उनके पति पदमलाल ठाकुर भी हर कार्य में उनका पूरा सहयोग करते हैं। परिवार के सामूहिक प्रयास और आयमूलक गतिविधियों से होने वाली कमाई के बल पर उन्होंने एक स्कूटी खरीदी है और वर्तमान में चार कमरों का पक्का मकान भी बनवा रही हैं।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बड़े आरापुर में जन समस्या निवारण शिविर

सुशासन तिहार के अंतर्गत तोकापाल विकासखंड के ग्राम बड़े आरापुर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण करने के साथ-साथ विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक शासकीय योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं और सुझावों को शासन-प्रशासन के समक्ष रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और शासन की सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके साथ उन्होंने बस्तर मुन्ने, मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान, राजस्व संबंधित कार्यों, पशुधन विकास, कृषि विभाग के योजनाओं सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति तथा योजनाओं का लाभ के संबंध में उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा की ।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संबंधित क्षेत्र के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम शंकर लाल सिन्हा सहित अन्य जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे ।




### शिविर में बंटी पीएम आवास की चाबियां

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं सहायता राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान स्कूली विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अथितियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी, एनआरएलएम के महिला समुहों को चेक वितरण, पशु पालन विभाग के हितग्राहियों को योजना का लाभ, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रसन, गोद भराई की रस्म अदा की गई ।

